


ए'आ नावा कानिको

सात नई (मुण्डारी) कहानियाँ

डा. रामदयाल मुण्डा
अमिता मुण्डा, नालिनी नाग

ए'आ

नावा कानिको

सात नई (मुण्डारी) कहानियाँ

डा. रामदयाल मुण्डा
अमिता मुण्डा
नालिनी नाग

प्रकाशक

रुमबुल

दिरि ओड़ाः, सरनाटोली–हतमा, राँची कॉलेज के पीछे
राँची–834008, झारखण्ड

ए'आ

नावा कानिको

सात नई (मुण्डारी) कहानियाँ

प्रकाशक : रुम्बुल
दिरि ओड़ाः, सरनाटोली–हतमा, राँची कॉलेज के पीछे,
राँची–834008, झारखण्ड
फोन : 07739817358
ई–मेल : rdm.rumbul@gmail.com

द्वितीय संस्करण : 2013

मुद्रक : आई. डी. पब्लिशिंग, कोकर, राँची–834001
मो. 094311 82812

मूल्य : 100/– रूपये

बारिआ संस्करण बारे रे मिद टुड जागार

ए'आ नावा कानि को पुथि बारे रे आञा: कानाजि मेना: चि ने पुथि नावा लेकाते ओल रुआड़ा काना। ने नावा ओल मेनेआ दो ने लेका ते चि बंगाल आर उड़िसा रे ताइन तान मुण्डा को बंगला आर उड़िआि ते जागार मुण्डा होड़ो को ऐटे: बानि रे जुदि 'ा' का लागाओ के रेदो 'ओ' को पाड़ावएआ। चिलका चि 'सबेन' बंगला आर उड़िसा रेन मुण्डा को 'सोबेन' को पाड़ावएआ। एना मेनते सोबेन कोबु राबालो: का मेनते एटे: टुङ कोरे 'ा' केआते ओला काना।

ए'आ नावा कामिनाला पुथि ओड़ो: मिसा छापा रुआड़ा जाद लो: इसु पुरा: रासिका होबाओ ताना। ने पुथि रे ओको पात्रा को मेना: कोआ: इनकु सोबेन हातु साआ रेन तानको। ने पुथि राँची वि.वि. रेआ: टी. आर. एला विभाग आर ओड़ो: चेतान रे काजि कामि कोरे हिजु: बिड़ाओ रेको कुलिओ तान कुनुलि कोरे कामि हिजु: ताना।

आञा: उड्डु: लेकाते ने पुथि इसु पुरा कामि रे हिजुगा। आञ लेकाते ओड़ो: मिसा छापा रुआड़ा जाद लो: सोबेन लेकाते बुगिन उतार बाइओआ। आञा: विसवास मेना: चि नेआ पुथि ते पुरा: उतार दो पाड़ाव तान होन को इसु पुरा: सेड़ा को तुनुम दाड़िआ।

टुंडु रे आञा: आसारए: मेना: चि ने ''ए'आ नावा कामिनाला'' पुथि ते पाड़ाव होन को पुरा:-पुरा: देंगा को नामेआ।

बुगिन सानाङ कोलो: ते

अमिता मुण्डा

डॉ0 बीरेन्द्र कुमार सोय (पीएच0डी)
सम्पादक – संगोम
सम्पादक – कुपुल
आजीवन सदस्य– लिंग्विस्टिक्स सोसाइटी
ऑफ इण्डिया,पूणे



बर टुड.

'एआ नवा कानि को', दोबाड़ा चपा रूड़ा कन पुथि, पड़व तनकुआ ती: रे मेना। ने पुथि रेआ जोतो कानि को माइनन डॉ0 रामदयाल मुंडा ताकिन सिरजव तद, उडु: तद, लेल तद, चिना तद, उरूम तद, पोसोंदी तद, बिड़व तद जोतो कायदा को मेना:। हातु, दिसुम, समाज, ससंकिर, असुल अपासुल, ओल पड़व, जागार साहिति, सोरकार, नेता मंत्री, ऑफिसर, आंव होड़ो, सोबेन कोआ बरनिका मेना:। जोनोका ओड़ो: तुला लेकाते एनेओन कानि को मेना।

सहिति समाज रेआ दोरपोन। एआ नवा कानि रेआ जोतो कानि को समाज रेआ दोरपोन तना। उबर होरा रे सेसेन तन जागार साहिति ओड़ो: होड़ो गोट कोआ लेपेल चिपिना राष्ट्रीय, अन्तराष्ट्रीय लेकाते ओनोल सहिति होरा तेगे उरूमोआ।

डॉ0 मुंडा सयोबा: इकिर उडु :, अकिलान दंड़ा तद कानि सोनोतो: को सोबेन होड़ो कोबु पड़व, सब दड़िका, कानि होरा ते सेंड़ा पेड़े: नम केयाते समाज रेन आगुआ बइन रेआ एनेओन हिजुका, मेनेआ आसाराए मेना।

कानि हारिआ डॉ0 रामदयाल मुंडा, मोयोद साहिति पोकोतो दिरि बिद, तिंगु तुका जना। नेआ जोतोन रेआ जरूडु मेना। ने पुथि मैट्रिक, आइ.ए., स्नातक, स्नातकोत्तर, को जमा जमा ते अनुसंधान, पीएच0डी तन सेपेड़ेद हपानुम कोआ मेन्ते इसु गे गोनोड.ान तना। मुंडा ओल, पड़व ओड़ो: पुचिद गोटा दिसुम रेनकु दड़िका, राबाल होरा ते इदियोका, मेनेया सानाड. गे डॉ0 मुंडा सायोब तकिना ताइकेना। एन लेकातेगे ने पुथि ओल रूड़ा कना। ओल सोतो: रूड़ा रे माइनन प्रो. तुलसीनारायण सिंह मुंडा, प्रो. अमिता मुंडा, श्रीमती नलिनी नाग, श्री विशेश्वर मुंडा ताकोआ जमाते ओड़ो: गे अकिलान गोमके कोआ देंगा मेना। मुंडा जागार होड़ो को जमा जमा ते एटा होड़ो कोआ (झारखण्डी) मेन्तेओ गोनोङान पुथि तना:।

एनाते ताबु कुटुङ कुपुल, हागा मिसि को 'एआ नवा कानि को' पुथि जरूडु गे किरिड. केयाते पड़व लगातिङा। साहिति पोवा, पोसा, पासाराव रे जुलुड. ओड़ो: आसाराए तन लो: जोहार।

डॉ0 बीरेन्द्र कुमार सोय

दो शब्द

''सात नई कहानियाँ''पुनर्प्रकाशित पुस्तक पाठकों के हाथ में है। इस पुस्तक की सारी कहानियाँ श्रद्धेय डॉ0 रामदयाल मुंडा द्वारा सृजित, रचित, कल्पित, दृष्टित, चिन्हित, चित्रित, प्रतिविम्बित यथार्थ कहानियाँ हैं। गाँव, राज्य, समाज, संस्कृति, जीवन यापन, शिक्षा, भाषा साहित्य, सरकार, नेता, मंत्री, अफसर, बेवस जनता, सभी पक्षों पर वर्णित है। प्रतीकात्मक, तुलनात्मक और जागृतिक कहानियाँ हैं।

'साहित्य समाज का दर्पण'। सात नई कहानियों की सभी कहानियाँ समाज के सभी पहलुओं को प्रतिविम्बित करती है। विकासात्मक मार्ग पर साहित्य और समुदाय का अस्तित्व, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लिखित स्वरूप से ही बनती है।

डॉ0 मुंडा की दिग्दृष्टि, दूरदृष्टि, बौद्धिकता, अनुसंधान की महत्ता पर आधारित कहानियाँ, पाठकों के मन मस्तिष्क में चेतना पैदा करता है। कहानियों के उद्धेश्य से ज्ञान चक्षु का मार्ग प्रशस्त हो, समाज मे अग्रणी भूमिका के लिए जागृति पैदा कर नेतृत्व क्षमता विकसित हो, भविष्य की आशाएँ हैं।

कहानीकार डॉ0 रामदयाल मुंडा अद्वितीय व अमिट साहित्यिक स्तम्भ बना गये। संरक्षण, संवर्द्धन और अनुसरण की आवश्कता है। यह पुस्तक मैट्रिक, आई. ए., स्नातक, स्नातकोत्तर के साथ ही अनुसंधान, पीएच0डी अध्ययनरत विद्याथियों, शिक्षाप्रेमियों के लिए अति महत्वपूर्ण है। मुंडारी भाषा को लिखित, ध्वनिगत रूप से सरल, सहज, सुगम और वृहत दृष्टिकोण रखते हुए डॉ0 मुंडा सहाब के आग्रह को केन्द्र बिन्दु मे रखकर इस पुस्तक का पुर्नप्रकाशन द्वितीय संस्करण के रूप में किया गया है। इस कार्य में प्रो. तुलसीनारायण सिंह मुंडा, प्रो. अमिता मुंडा, श्रीमती नलिनी नाग, श्री विशेश्वर मुंडा के साथ ही कई गणमान्य विद्वानों को योगदान है। मुंडा भाषा भाषी के अलावे समस्त झारखण्डियों, देशवासियों के लिए भी महत्वपूर्ण पुस्तक है।

सभी महत्ता को परिलक्षित पुस्तक पाठकों, अतिथियों, बन्धुओं, ''सात नई कहानियाँ'' पुस्तक अवश्य ही खरीद कर पढ़ें। साहित्य के पालन पोषण, विस्तार में रुचि लें और इसी उम्मीद के साथ सभी को जोहार।

डॉ0 बीरेन्द्र कुमार सोय

आनायार

नाआः जाकेद रेआः आदिवासी साइति पुराःतेदो सुआाणा साइति रेआः रूप रेगे मेनाः। नावा कोरे पुराः दुराङ गालाङ कोगे मेनाः। नावा गाःइदि साइति कानि, इनुङ, तोनोल–रेआः सेनेन इसुगे माणिआ। हुड़िङ दिनाआते नेसाः आदिवासी साइति को रेआः पाड़ाओ पाआड़ाओ रेआः काजि होबाओः तानाःते ने तारातुला आएःतेगे लेलोः ताना। सानामाङ रेआः का'नि को ने तारातुला हुड़िङ लेकारेओ पारकाओःका मेने कुरूमुटुतेगे ओलाकाना।

एटाः आदिवासी जागार को लेकागे होड़ो जागार तामबाओः रेआः एनेटेः तिरिङ रे मेनाः। एनामेन्ते होबा दाड़िओःआ चि का'नि नेआको पाड़ाओनिः इसु टायादरे रूडुकोःआते उडुःइ टोगोःआ चि का'नि आएः ओकोतेः इदिजाःइआ। होड़ो आर हिन्दी जागार किन, एटाःएटाः बानाइरेंआः जागार किन तानाः, आर उलथा टुङको लेकाते रिकाएरेआः ले कुरुमुटुआ कादा एनामेन्ते बालाए ओड़ोःगे सांगिआकाना।

ने का'निको ने रुपरे आगुरे आलेआः सोंगेको–गंदुरा, सुन्दर, कमला, लखी, गंगी, मकी, सोंदारी–माइनान भंवरलाल जोसी जी आर सरस्वती प्रेस, उदयपुर रेन कामिआको इसु पुराः देंगा को ओमाकादा। इनकु सोबेन इसु पुराः जोआर। नेआ नावा होड़ोः का'नि–कोरेआः एनेटेः उतार किताब तानाः एनामेनते पाड़ाओ सागाते आले सानांति आ'र उनुसुकुर रेआः ले आसाराएः तना।

सुकान बुरु, 1980 ओलकेनको

आमुख

अब तक के आदिवासी साहित्य का अधिकांश लोक साहित्य के रूप में ही है। जो कुछ नया है उसमें गीत कविताएं ही अधिक हैं। नए गद्य साहित्य की गति अत्यन्य ही धीमी है। इधर कुछ दिनों से आदिवासी साहित्य की पठन-पाठन की बात उठी है तो यह संतुलन और भी अधिक स्पष्ट दिखाई दे रहा है। प्रस्तुत मुण्डारी कहानियां इसी असंतुलन को कुछ हद तक दूर करने के प्रयास में लिखी गई हैं।

अन्य आदिवासी भाषाओं की ही तरह मुण्डारी भी मानकी-करण की प्रारंभिक स्तर पर है। इसलिए संभव है कि पाठक को कई जगह रूककर सोचना पड़े कि कहानी उसे कहां ले जा रही है। मुण्डारी और हिन्दी एक दूसरे से भिन्न प्रकृति की भाषाएं हैं और हमने अनुवाद तथा शाब्दिक करने की कोशिश की है इसलिए भाषान्तरण की कठिनाइयां और भी बढ़ गई हैं।

इन कहानियों को इस रूप में लाने में हमारे सहयोगियों- गंदुरा, सुन्दर, कमला, लखी, गंगी, मकि, सोंदारी, -सम्मान्य भंवरलाल जी जोशी और सरस्वती प्रेस, उदयपुर के कार्यकर्त्ताओं ने बड़ी सहायता की है। उन सबको अनेक धन्यवाद। यह नई मुण्डारी कहानियों की पहली पुस्तक है इसलिए पाठकों की ओर से हम सहानुभूति और प्रोत्साहन की आशा करते हैं।

सुकन मेला, 1980 — लेखकगण

अनुक्रम

नाचा कामिनाला

कुलि बेड़ा–कुलिबेड़ाते मनए राँची रेआ: भूताहा तलाब (बोंगान बांदा) नुतुमाकान टोलाए: दाणा नाम केदा। साहार ताला रेआ: एन बांदाते सोबेन सा: रेआ: हुमु दा: हिजुगा। एना बांदाते दा: का लिंगि उडुङ तान लेकाते एन दा:, दा: लेकाओ का लेलो: ताना। इमिन रेओ होड़ोको रेआड़ानतान गासारेन ताना। तारा सा: रे धुबि को किचिरि को नुरा ताना आर बांदा आतोम रे, चाड़े–चाड़े पिड़िंगि रेको तासे जादा। मिसा–मिसा आचाका गे होयोलेचि कोता:को रेआ: का जीला: दाड़िओ: एदकान सोआन हामटु: राकाबो:आ आर एनतागाते सेकेड़ागे सेन पारोमेगे मोनेआ। इमिन रेओ मनएआ: जी काए: पातिआ तान गेआ। इनि: आद गिड़िआकान आएआ: दाइ बोनाइ ताकिन दाणा नांगेन उडुङाकाना।

मानए दो मोद चाण्डु:लेका होबाओ:ताना राँची ते पाड़ाओ मेनते हिजु:आ काना। साहार बेएसेलेका आउरि: लेल चिनाएआ। हिजु: तान रे एंगाते काजि कुला:इआ– "आम सेनो: तान ता: रेगे बाबु आमा: दाइ बोनाइ ताकिन सेन आदा काना को मेनेआ। सोंजोको जाआ:म नाम किन रेदो दुकु–सुकु रेओ कुपुलि पे।"

पांदरा अगस्त हुलाङ सानिचार ताइकेना। सेता: सा: कॉलेज रेआ: झण्डा ओटाङ होबा जान चि तिकिन रेआ: मांडि जोम केआते मनए आएआ: दाइ बोनाइ ताकिन दाणाए: उडुङ जाना। एंगाते निमिनाङ गे: उदुब लि:आ चि आकिन भूताहा तालाब जापा:रेगे किन ताइन ताना। मनए भूताहा तालाब ओकोमान रे मेना: मेनेआ: दोए: इतुआन तान ताइकेना मेनदो एनसा: जेता इमताङ काए: सेनाकान ताइकेना।

दाणा तान दाणा तान मनए एन बानदाए: सेन तेबा: केदा। लेलेआए: एनता: कोरेआ: हुमु दा: रेआ: नालि को सोबेन एनतेगे मुलिआकाना, आर दा: दो जा:ए लेकाओ का मोने ताना। इमिन रेओ होड़ोको कारकाद–रेआड़ान ताने: लेल केद कोआ। बांदा जापा: रेगे मिआद मांदिर बाइआकाना। इसु होड़ोको एन बांदा रे रेआड़ा कोआते एन रे बोंगा को बोलो ताना। एन जापा:रेगे बांदा आतोम लोसोद रे सुकुरि को ओड़ा बेड़ान ताना।

नया धन्धा

पूछते-पूछते मनए राँची के भूतहा तालाब नामक मुहल्ले में पहुँचा। शहर के बीच स्थित उस तालाब को सभी ओर का गन्दा पानी आता है। उस तालाब में पानी बहकर नहीं निकलने के कारण उनका पानी, पानी की तरह नहीं दिखाई देता है। फिर भी लोग वहां नहा-धो रहे हैं। एक ओर धोबी कपड़े फीच रहे हैं और तालाब के किनारे घास बिहीन आड़ पर सुखा रहे हैं। कभी कभी अचानक ही हवा चलने पर किधर से असहनीय दुर्गन्धपूर्ण हवा उठती है और मन करता है कि वहां से जल्दी ही भाग जाएं। तब भी मनए का मन पीछे हटने वाला नहीं है। वह निकला है अपने खोए हुए दीदी-बहनोई का पता लगाने के लिए।

करीब एक महीना हो रहा है, मनए रांची में पढ़ने के लिए आया हुआ है। शहर में वह ठीक से परिच्चित नहीं है। आते समय उसकी मां ने उसे कहा था "बेटा, लोग कहते हैं कि जहां तुम जा रहे हो वहीं तुम्हारी दीदी-बहनोई जाकर लापता हो गए हैं। संयोग से अगर तुम उनका पता लगा सको तो उनसे दुःख सुख पूछना।"

पन्द्रह अगस्त का दिन शनिवार था। सुबह कॉलेज का झण्डा-तोलन होने के बाद दोपहर का खाना खाकर मनए अपने दीदी-बहनोई की खोज में निकला। उसकी माँ ने इतना ही बताया था कि वे भूतहा तालाब के ही नजदीक ही रहते हैं। भूतहा तालाब कहां है, इसका पता मनए को था किन्तु वह उस ओर कभी गया नहीं था।

खोजते-खोजते मनए तलाब के पास गया। देखता है कि उस आस-पास की सारी गन्दी नालियों का पानी वहीं जाता है और पानी को छूने से भी घृण हो रही है। फिर भी वह देखता है कि लोग उस पानी से मुंह धो रहे हैं, नहा रहे हैं। तालाब के पास ही एक मन्दिर बना हुआ है। नहाने के बाद बहुत सारे लोग वहां पूजा करने को घूसते हैं। वहीं नजदीक तालाब के

एनता: रेगे मिआद चा दोकान ताइकेना। मनए दोकान तानि: कुलि कि:आ– ''भाई साहब इधर इस आस–पास तामाड़ तरफ के कोई आदमी रहते हैं।'' तामाड़ तरफ के?...... क्या करते हैं, कितने लोग हैं?''

''पति पत्नि हैं। पति मध्यम कद का है और घुंघराले बाल हैं। काम के बारे में तो कुछ भी मालूम नहीं है। सिर्फ इतना ही कि आदमी मेहनत मजदूरी करता है।''

''ऐसे आदमी कैसे मिलेगा? काम का पता चले तो आसपास के लोगों से पूछ भी लिया जा सकता है।... देखिए तालाब के उस पार वहाँ एक रिक्शा गराज है। वहाँ जाकर आप पता लगा सकते हैं। हो सकता है वहाँ उसको कोई जाने।''

''अच्छा हम वहीं करते हैं।'' मेता:इ चि मनए बांदाए: सेन बिउर केदा आर एन रेकेसा गाराज ता:ए तेबा: केदा। एनता: गाराज गोमके एनकागे: कुलि कि:आ। गाराज गोमके आर मनएआ: जापागार आयुम केआते मिआद रेकेसा चालाओनि: उदुब केदा– ''हे, एन होड़ो दो हेनमान रे: ताइन ताना। एन दा: नाला जापा: रेआ: छापारि रे।'' मनए एनता:ए सेनो: जाना आरे लेल बेड़ा ताना, सोंजोको जाआ: मोद होड़ो का मोद होड़ो किन लेल नामो: रेदो मेनते। मेनदो एन सोमाए रे आकिन रे जेताएओ ओड़ा:रे काकिन ताइकेना, आ'र ओड़ा: ताकिन चाबिआ कान ताइकेना। मनए दुआर जापा:रे बुरुआकान इटा गुंडा कोरे:दुब जाना–आ'र आकिन हिजुगाए: तांगिताना। नाणे: रेगे ओड़ो: मिआद दुआर ताइकेना। ''एन रेओ जाआ: आञा: दाइ–बोनाइ लेकान कोगे ताइन ताना।'' —मनए जी रे: उडु: ताना। दुआर जापा: बागेआकाना आ'र बिताराते कुलगिआ किन कापाजि तान लेका आयुमो: ताना—

''आम गेदाङ ना मोटाइतेम हिजु:आ काना। नेता: चिलका मेनेआ: दोञ उदुब लेद मेगेआ।'' कोड़ा मेनजादा।

''इमिन रेओ नामिनाङ नेका मेनेआ: दो काञ बुजाओ लेनगेआ। सामा काजिगे राँची रे ताले: कामि ताना मेनोगो:आ आ'र नासा: दो ना ताइन, ना जोम नू, जेताना: रेआ: टेकान बानोगा। जारगि दो जारगि हिजु: ताना। किचिरि डेंगा सोबेन लुमकेआते जोजो गे तेआराकाना।'' इमताङ गे मनए आयुम जादा चि मिआद होन 'मांडिगा', मेन जालोए: गेजेड़ा एटे:न ताना। मनए जी रे उडु: ताना— ''आञा: दाइ– बोनाइ ताकोओजाआ: नेका नो:गे।''...... ठीकी इमताङ गे मनए आएआ: दाइ हिजु: ताने: लेल कि:आ। तारासा: तीरे मिआद गोओंडो–गोओंडो थाइला: रे चाउलि चि ना: दो आटा, आ'र तारा सा: रे मुराइ आड़ा: आ'र मिआद साकाम ते टिपिआकान बोतोलो रे सुनुम। मिआद केचा:–केचा:

किनारे के कीचड़ में सूअर लोट रहे हैं। वहीं चाय की एक दूकान थी। मनए ने दुकानवाले से पूछा —"भाई साहब, इधर इस आसपास तामड़ तरफ के कोई आदमी रहते हैं?" "तामड़ तरफ के?..... क्या करते हैं? कितने लोग हैं?"

"पति-पत्नी हैं। पति मध्यम कद का हैं और घुंघराले बाल हैं। काम के बारे में तो कुछ मालूम नहीं है। सिर्फ इतना ही कि आदमी मेहनत-मजदूरी करता है।"

"आदमी कैसे मिलेगा? काम का पता चले तो आसपास के लोगों से पूछ भी लिया जा सकता है।....... देखिए तालाब के उस पार वहां एक रिक्शा गराज है। वहां जाकर आप पता लगा सकते हैं। हो सकता है वहां उसको कोई जाने।"

"अच्छा हम वहीं करते हैं।" कहकर मनए तालाब की आड़ पर चलते हुए उस रिक्शा गराज के पास आया। वहाँ उसने गराज के मालिक से उसी तरह पूछा। गराज मालिक और मनए की बात सुनकर एक रिक्शा वाले ने बताया— "हां, वह आदमी वहां रहता है। नल के पासवाली छपरी में।" मनए वहां गया और इधर-उधर देखने लगा, यह सोचकर कि संयोग से दोनों में से कोई मिल जाए तो....। लेकिन उस समय इन दोनों में से कोई घर पर नहीं था और दरवाजे पर ताला लगा था। मनए दरवाजे के पास ईंट के टुकड़ों की ढेर पर बैठ गया और उनके आने की प्रतीक्षा करने लगा। नजदीक ही और एक दरवाजा था। "वहां भी शायद मेरे दीदी-बहनोई जैसे लोग ही रहते हैं।" मनए मन में सोच रहा है। दरवाजा पूरा बन्द नहीं है और उसे लगता है कि अन्दर पति-पत्नी में विवाद हो रहा है—

"तुम ही जबरदस्ती यहां चली आई हो। यहां का हाल मैंने तुम्हें पहले ही बताया था।" मर्द कह रहा है।

"तब भी इस तरह बुरा हाल होगा, इसका पता मुझे नहीं था। हम यों ही कहते हैं कि हमारे वो रांची में काम करते हैं, और यहां न रहने का और न खाने पीने का, कुछ का ठिकाना नहीं है। और बरसात तो बरसात आ रही है। उस दिन कुछ देर की वर्षा से ही घर सारा चू रहा है। कपड़ा-लता सब कुछ भींगकर सीठा बन गया है।" .....उसी समय मनए सुन रहा है कि एक बच्चा "माँ, भात दो।" कहते हुए रो रहा है। मनए सोच रहा है— "मेरे दीदी-बहनोई की भी हालत शायद ऐसी ही होगी।"...... ठीक उसी समय मनए को उसकी दीदी आती हुई दिखाई दी। एक ओर हाथ में एक गन्दे थैले में चावल या आटा और दूसरी ओर मूली का साग और पत्ती की ठेपी लगे बोतल में तेल। एक फटी साड़ी पहनी हुई

साड़ि ते: किचिरिआकाना आ'र एने: गे ओकोता: रे कामि नाला केन लेका दानदा–पुनदा गे: लेलो: ताना। सोमाएआकान रे: लेललि: दाइते आचाकागे बुड़िआ जान लेकाए: लेलो: ताना। मोलोङता: रेआ: ऊब कोए: पांडु एटे:आकाना।

"चि बाबु चिमताङ रेम तेबा: तादा?" मेन जालो: मनएआ: दाइते दुआरे: नि: जादा। दाइते तीङ तादा: को दुआर जापा: रे दो केद चि मनए दाइते: जोआराइ ताना।

"चि दाइ पे बेएसगेआ चि?"

"हे नी दिन दो सारे: बाडुए: कान कोले बेएसगेआ।"

"सारे: बाडु:इआकान को?"

"हे आमा: मिआद गेड़ेम कुड़ि ताइकेना। होला–होला गे बांगाइ: जाना। कुपुल कोता: जागारो आउरिगे लिङ कुल दाड़िआ:।"

"हे कारेदो बुड़िआ काचि: काजीआ होनाङ। आबेन नेमान रे मेना: बेना मेनेआ: दो बुड़िआ गे उदुब लि:ञा।"

"हे नेता: दो ने: नेका केसे–रेमबेद नो: गे हेइ।" मेन जाद लो: मिआद गांडुइ: उसुकुरा:इआ।

"हे दाइ मार, जी काजि बेएसेआकान बु ताइनका मेन जालो: मनएआ: जी मोणे सिरमा सिदा आकोआ: हातुते सेनो: जाना। इनि: उडु: तना आको इमताङ चिलका सुकुतेको हारा लेना। ओड़ा: रे जोमेआ: नूइआ: जेताना: रेआ: घाटि का ताइकेना। ओकोआ गेको नाम केना, ओको इमताङ गेको नाम केना। तोवा दो, ताबेन दो, ओड़ा:रेगे होबा तान ताइकेना। माराङलेकान ओड़ा: रे ने टुण्डु हेन टुण्डु आपान मोने–मोने को सेन बेड़ा केना। कोलोम लेकान राचा, आ'र राचा पारोम किसिम–किसिम जो बा कोते पेरे:आकान बागाइचा रे आपान मोने को होनोर केना, इनुङ केना। लान्दातान, जागार तान एन दाइते नेकान केसे रेमबेद रे: टोगाकाना दुबाकान तागातेगे मनए आएआ: दाइ बोनाइ ताकिना: गोटा ओड़ा:ए लेल चाबा जादा। तारा सा:रे इटा कोते तिरिङ केआते बाइआकान जूउला, तारासा: रे बारिआ लेका आलमुनिआम रेआ: चिपा को। एन जापा:रेगे पाचिरि रे मिआद कांटि किलाकाना आ'र एन रे मियाद लोमपो हाकाकाना। हुड़िङ दूर हामि: लोमपो सुकुलते पाचिरि हेनदे गिड़िआकाना।

"आञा: बोनाइ दो चिमताङे: हिजु:रुआड़ा:?" मनए दाइते: कुलि जा:इआ।

"ने:गे: हिजु:आ।" दाइते मिआद हानारूबरे बारिआ लेका पेआजु–मारचि को हाद तान लो:ते मेन रुआड़ाजादा। हे सेकेड़ागे होनाङे: हिजु:को:रे।

है और बालों की अस्त-व्यस्तता से लगता है कि वह कहीं काम करने के बाद आ रही है। मनए को लगा कि उसकी जवान दीदी अचानक ही बुढ़िया गई है। माथे के पास के बाल अब सफेद होने लगे हैं।

"बाबू, तुम कब पहुँचे हुए हो?" कहती हुई मनए की दीदी दरवाजा खोल रही है। दीदी हाथ की चीजें दरवाजे के पास रखती है। मनए उसे प्रणाम कर रहा है।।

"तुम लोग ठीक हो न, दीदी?"

"हां, आजकल, बचे-खुचे हम ठीक ही है।"

"हां तुम्हारी एक भांजी थी। हाल ही में चल बसी। सम्बन्धियों तक बात भी हम नहीं भेज पाए हैं।"

"हाँ, नहीं तो बुढ़िया जरूर बताती। तुम्हारे यहां होने का पता मुझे बुढ़िया से ही मिला था।"

"हाँ, यहां तो हम इसी तरह ठेलम-ठेल मे हैं।" कहते हुए उसने एक पीढ़ा मनए की ओर सरका दिया।

"ठीक है, दीदी। जी प्राण ठीक रहना चाहिए।" कहते हुए मनए का मन पांच साल पहले उसके गांव को दौड़ गया। वह सोचने लगा वे कैसे सुख से बड़े हुए। घर में खाने-पीने की किसी चीज की कमी नहीं थी। जो चाहते थे, जब चाहते थे। दूध-दही घर पर ही होता था। बड़े से मकान में इस छोर से उस छोर मन मुताबिक चला-फिरा करते थे। खलिहान-सा आंगन और आंगन के पार फल-फूलों से भरे बगीचे में मनचाहा घूमते थे, खेलते थे। हंसती-बतियाती उसकी वह दीदी यहां इस रेल-पेल में पड़ी है। जहां बैठा है, वहीं से वह अपने दीदी-बहनोई का सारा घर देख रहा है। एक ओर ईंट पर ईंट रखकर बनाया हुआ चूल्हा, दूसरी ओर अल्युमिनम के कुछ बर्तन! उसके पास ही दीवाल पर एक कांटी लगी हुई है और उससे एक ढिबरी टंगी है। कुछ दूर तक दीवाल ढिबरी के धुएँ से काली हो गई है।

"मेरे बहनोई कब वापस आएंगे, दीदी?" मनए अपनी बहन से पूछ रहा है।

"अब आते ही होंगे।" उसकी बहन एक ढक्कन में प्याज और मिर्च इत्यादि काटते हुए जवाब देती है।

होस्टेल रे काञ काजि तुका कादकोआ। हाजिरिञ तायोमजानरे काको सुकुआ।''

''एह! काचिम काजिआ:कोआ। नामिन दिन रेम हिजु:आ काना, हुड़िङ खोओनो चिकाम ताइना? आमा:बोनाइ दो तांगिलीमे, कारेदो हिजु: लेनाम मेनेआ:ए मुण्डि केरेदो ओड़ो:ए काजिआञा।''

''हे लेपेल दो आञो मोनेजा:ञा होनाङ.....।'' मनए आएआ: बोनाइ बुधना: बारे रे: उडु: ताना। खूब सोमाए राकाबाकान होड़ो। एंगा आपु किना: एसेकार होन। काजिआको चि मोद सोमाए हातु रे आकोगे लाआ: उतार पूंजिआन होड़ो को ताइकेना। मानएआ: आपुते ओते-आड़ि मेनेआ: काजि आयुम तेगे होन कुड़ि एनरे गोङि रेआए: हेला:। मेनदो एन ओड़ा: ने सोमाए नेका बइआकाना चि मनएआ: जी रे पातिआ गे का होबाओ:तना। मनएआ: बोनाइ बुधन एसेकर होन लेकाते इसुगे दुलाड़ाते: माराङ लेना। ओकोआ गे: नाम केना एंगा-आपु किन एनागे किन ओमा:इआ। मिडिल इसुकुल आउरि बोलो रेगे घाड़िदो, साइकाल दो किन किरिङा:इआ। नेआ को नाम केद चि माणि-माणि ते ओल पाड़ाओए: डिलाओ केदा आ'र पीटी-पालान कोए: एटे: केदा। मिद सिरमा बितार रेगे बुधन ओल पाड़ाओए: होका जाना। एन तायोम तेदो आए: लेकान सोंगे को ओड़ो: मिद गाण्डा लेकाए: नाम केद कोआ। पीटि-पालान होरातेगे इलि, आरकिनू आ'र जुआ इनुङ कोए: इतु केदा। एंगा-आपु किन सोंजोको जाआ:, होने: बाइ रुआड़ाओ:आ मेनते गे एन सिरमा जेटेगे मनएआ: दाइते लो: किन आड़ांदि कि:आ।'' मेनदो कोनेआ आउलि: तेओ बुधना: सिदा रेआ: हेओआको कागे बादाला जाना। मोद बार सिरमा दानाङ एंगाते-आपुते ताकिन बाङकिन जाना आ'र बुधन: बोओ: रे आचाका गे ओड़ा: दुआर रेआ: सोबेन बाआरोम उयु: जाना। सिदा रेगे इलि आरकि तेगे हेओआ कान बुधन ना: दो आए: मोने लेका ताइने: एटे: केदा। आपान मोनेते कामि रेआ: हेओआ दो का गे ताइकेन लेकाते सिउ: चालु: कामि लेंगेड़े एटे: जाना आ'र ओड़ा: रे बाबा चाउलि हाराओ: बादाला सिदाआते ताइकेना: को खारचा एटे: जाना। माणि-माणिते बुधन: ओड़ा: रे रिणि बोलो जाना। रिणि को हाल नागेन जेताओ:का मुंडिओ: तान चि मिआद-मिआद ते आएआ: कोनेआ: तुसिङेआ: सोना-सामाड़ोम कोए: आकिरिङ केदा आ'र टुण्डु रे एनाको चाबा जानचि ओते आड़ि बानदारे: एटे: केदा। आपि सिरमा लेका रेदो एना कोओए: चाबाला:। तिसिङ मनएआ सानामाङ रे सोना-सामाड़ोम ते लादि कुल लि: आएआ: दाइते कोए तानि: लेकाए: दुबाकाना।

''ओड़ा: रेआ: ओते साआन दो दाइ ओकोए लेल जादा।'' मनए कुमुआते एओनाकान लेका दाइते: कुलि जा:इआ।

''कोता: रेआ: ओते साआन?'' सोबेन नेते हेनते चाबा काना। नाइआ: इलि आरकि आ'र जुआ इनुङ रेआ: हेओआ कागे चाबओ:आ। आञा: होड़ोमो रेआ: सिंगार

''हां, जल्दी ही आते तो अच्छा होता। छात्रावास में मैंने बताया नहीं है। हाजिरी में पीछे पड़ने से लोग नाखुश होंगे।''

''ओह! उन्हे कहोगे नहीं? इतने दिनों के बाद आए हो कुछ समय के लिए भी नहीं रहोगे? अपने बहनोई का तो तुम इन्तजार करना, नहीं तो तुम्हारे वापस जाने की बात जान जाने पर वह मुझे ही सुनाएंगे।''

''हां उनसे मिलने का तो मेरा भी मन है लेकिन..........।''

मनए अपने बहनोई बुधन के बारे में सोच रहा है। भरपूर जवान आदमी। मां-बाप का एकलौता बेटा। कहते हैं किसी समय उसीका परिवार गांव में सबसे अधिक पूंजीवाला था। मनए के पिता ने जमीन-जायदाद की बात सुनकर ही अपनी बेटी को वहां विवाह में देने की स्वीकृती दी थी। लेकिन वह घर इस समय ऐसा बना हुआ है कि मनए को इसका विश्वास नहीं हो रहा है। मनए का बहनोई एकमात्र पुत्र होने के कारण बड़े ही लाड़-प्यार से पला था। उसने जो भी चाहा, मां-बाप ने लाकर दिया। मिड्ल पास करने के पहले ही घड़ी साईकिल खरीद कर दी। यह सब मिलने के साथ बुधन ने पढ़ाई-लिखाई ढील दी और मेला बाजार इत्यादि का चक्कर मारने लगा। एक वर्ष के अन्दर ही उसने पढ़ना छोड़ दिया। इसके बाद तो उसने अपने सरीखे चार-पांच साथियों को जुटा लिया। मेले-बाजार के रास्ते ही उसने अर्खी पीना और जुआ खेलना सीखा। मां-बाप ने, यह सोचकर कि शादी करने से शायद वह ठीक हो जायगा, उसकी शादी मनए की दीदी के साथ कर दी। लेकिन विबाह के बाद भी बुधन की पहले की आदतें छूटीं नहीं। एक-दो वर्ष के बाद मां-बाप नहीं रहे और अचानक ही घर बार का सारा भार बुधन के सिर पर आ गिरा। पहले से ही शराब पीने का आदी बुधन अब मन माना रहने लगा। अपने मन के काम करने की आदत नहीं रहने के कारण खेती-बाती के काम में ढिलाई होने लगी और घर में धान-चावल बढ़ने की जगह पहले का धन खर्च होने लगा। धीरे-धीरे बुधन के घर में ऋण का प्रवेश होने लगा। ऋण चुकाने का कोई और रास्ता नहीं रह जाने का बुधन ने अपनी पत्नी के सारे गहने एक-एक करके बेच डाले और वह सब भी खत्म होने के बाद अन्त में उसने जमीन बन्धक रखनी शुरू की। तीन वर्षों के अन्दर उसने वह सब भी खत्म कर दिया। आज मनए के सामने सोने गहने से लदकर भेजी गई उसकी दीदी एक भिखारिन की तरह बैठी है।

''घर की जमीन-जायदाद कौन देख रहा है, दीदी?'' मनए स्वप्न से जगते हुए की तरह अपनी बहन से पूछ रहा है।

''कहां का जमीन जायदाद। सारा इधर-उधर हो गया है। इसकी शराब पीने और जूआ खेलने की आदत छूटती ही नहीं है। मेरी देह का सिंगार

पातार कोदोम लेल जाद गेआ। एनाको बेएस लेका तुसिङो काञ पुराओ ला:। मिसा-मिसा दो निर आद गिड़िन गे मोनिञा, मेनदो कोतिङ सेनोगा। नि: लो:गे आपासुलो: मेनतेञ जिमाकाना। ना: दो नेआ को सोबेन जीला: ले एनाङ'' मनएआ: दाइते सुगि पेआजु आ'र आड़ा:-साकाम को हाद चाबाकेआते बिरिद तान लो:ते: मेनजादा।

''काचि दाइम काजि लेकाका:इआ।''

''कोता: काञ काजिआ का:इआ? जेताना: गाआओ:रेचि। चिमिनसालिङ एपेराङ जाना। जागर रे काए: दाड़ि चि ती: चालाओ एटे: केदा। होड़ोमो कोरे ताइकेनरे राटि चिमिनसा लेका आञा: होड़ोमो रे ती उयु: केदा। मिसा-मिसा दोञ मेनेआ एन रोगोद कोतेगे जाआ: एन होन दो हुड़िङ दिन रेगे बाङगाइ: जाना। आञो इमताङाते होड़ोमो बेएस बाङगा:ञा। एन होने: बानचाओ:का मेनतेओ चिमिन लेका ओते कोदो बानदारा काना। मेनदो लाआ: उतार दो निआ: बुलेन हेओआ तेगे लिङ नेका काना। ना: दो नेआको काजिलीरे दोए: मेनेआ ''काम सुकुतान रेदो मार सेनो: मे। आञ जांलेका तेगेञ आसुलेना।''

इमताङगे ओकोए बुलतान-बुलतान दुराङतान लो:ते हिजु: तान लेकाए: आयुम जाना।

झिकि मिकि करेला
टोंगरी तारे बनल सुन्दर डेम
झिकि-मिकि करेला।

''कहाँ का झिकि-मिकि.... हमको साला फेंक दिया इस अंधार गली में.... के है रे..... भाग भडुवा कुकुर हमके सूंघता है..... ए सोमा अइज कने गिया जी.... साला मुफत मिलता है तो हमारा साथ पीने जाता है।....

सेहो देखि
सखि रहल ना जाए रे
सेहो देखि......

बेटा कहाँ जायगा।...... झारखण्ड तो मिला नहीं।..... अरे लेकर के भी क्या करेगा? अब ई जगह रहने के काबिल नहीं है..... अरे घर में केउ है। ए सुगिआ.... ए हो साली हमके गाली देता है। बुधन दोड़ेतान लो: दुआर ताए: तेबा: जादा।

''हापेआ कानेञ ताइना मेनदो का। खूबेञ जुगुतुआ कानाम मेनजादा। नेरे तेंजाम कोड़ा एनाङाआते: तांगि ताना!'' मेनजालो: सुगि दुआरे: नि: केदा आ'र बुधने: ति: आदेर जा:इआ।

''आउ आमचि हाले तेबा:तादा........ दुबमे-दुबमे आलोम बिरिदा। बेएसे

पहनावा तुम देख ही रहे हो। वह सब मैं ठीक से पहन भी नहीं पाई थी। कभी-कभी मुझे मन करता है कि मैं कहीं भागकर लापता हो जाऊं, लेकिन कहां जाऊं? इसी के साथ जीने के लिए मुझे सौंपा गया है। अब तो यह सब सहना ही पड़ेगा।'' मनए की बहन सुगि प्याज और साग इत्यादि काटकर उठते हुए कह रही है।

''क्या तुमने उन्हें कभी कहकर देखा है?''

''मैंने क्या नहीं कहा है? कुछ असर पड़े तब तो। कितनी बार झगड़ा हुआ? बात से हारने पर हाथ चलाने लगा। शरीर भारी रहे के समय तक उसने मुझ पर हाथ गिराया। कभी-कभी सोचती हूँ कि उसी कमजोरी के कारण वह बच्ची कुछ दिन के बाद चल बसी। मैं भी उस समय से ठीक नहीं हूँ। कुछ जमीन तो उस बच्ची को बचाने की कोशिश में भी बन्धक गई है। लेकिन अधिकतर तो इसी की पीने की आदत के कारण हमारी यह हालत हुई है। यह सब कहने पर कहता है ''अगर तुम्हें पसन्द नहीं है तो ठीक है तुम चली जाओ मैं किसी तरह अपना गुजारा चलाऊँगा।''

''उसी समय लगा कि कोई नशे में गीत गाते हुए उधर आ रहा है।''

''झिकिमिकि करेला
टोंगरी तर बनल सुन्दर डेम
झिकिमिकि करेला

''कहां का झिकि, मिकि........ हमको साला फेंक दिया इस अंधार गली में...... के है रे भाग, भडुआ कुकुर हमके सूंघता है..... ए सोमा, आइज कने गिया जी.... साला मुफत मिलता है तो हमारा साथ पीने जाता है.......

''से हो देखि
सखि रहलना जाए रे
से हो देखि.......

बेटा कहां जाएगा? ....झारखण्ड तो मिला नहीं..... अरे लेकर भी क्या करेगा...... अब इ जगह रहने के काबिल नहीं है........ अरे घर में केउ है? ए सुगिया,....... एहो साली हमके गाली देता है।'' बुधन डोलते हुए घर पहुँच रहा हैं।

''चुप रहूँगा, सो नहीं। सोचते हो खूब अच्छे लग रहे हो। यहां तुम्हरा साला तभी से तुम्हारी राह देख रहा है।'' कहती हुई सुगि बुधन को हाथ पकड़कर अन्दर ला रही है।

''अरे, तुम पहुँचे हुए हो.......... बैठो, बैठो, उठना नहीं। कुशल

गे चि तोबे।'' हुड़िङ खोन रेगे बुधन आएआ: बुल सुतिओ: तान लेकाए: आटाकार केदा। सुगि मोद लोटा दा:ए उडुङ ला:। बुधन मेद कोए: आ'बेन जाना आ'र मनए जापा:रे: दुब जाना।

''हे नेरेगे मेना: मेआ मेनेआ: दो लिङ इतुला:, मेनदो ओकोरे मेना: मेआ मेनेआ: दो कालिङ इतुला:।''

''आञो एनका नो: कोतेगे ना: जाकेद लेपेल लेकाओ काञ हिजु: नाम लेद बेना।''

''हे राँची दो इसु पुरा: माराङ साहार। कोता: चिकाना: मेना: मेनेआ: का इतुआन रेदो आद गिड़िआ। दे तेंजाञ कोड़ा दो जा'ना: कोम खिआओ जा:इआ चिका। रेंगे तानाए: जाआ:।'' मेन जालो: बुधने: बिरिद जाना।

''का ताबु आबेन दुब हानताड़ा बेन आञ नाआ: गेञ हिजु: रुआड़ा:।'' मेन जालो: बुधने: सेन एटे: जादा।

''एला बोनाइ नेआ दो चाना:म सेणा केदा। नामताङ कोतेम ताना?''

जेताते का, ने नाणे: तेगे। इसु दिन रेम हिजु:आ काना। मोद पाइटि आरकि रेओ मिसाते लाङ नू लेआ।''

नामताङ कोता: रेआ: आरकि। ने: गे माण्डि इसिनो: ताना। से रेओ आञ एनकाना: को आउरि गेञ हेओआएआ, आ'र आमदो खूबेम ठीकिआकान लेका गेञ आटाकार जादा।''

''पुरा: दो का मोद चोकोए: रेओ। एटा: कोरे कामा: रेओ आञ लो: दो दुब सांगि लेका बाइओ:आ जाआ:।''

''एना बा'रि दो मोदचोकोए:ओ आञ दो काञ दाड़िआ गेआ आ'र ने:गे नेरे माण्डिओ इसिनो: तान लेकाञ टोओर जादा। नेआगे जाआ:लाङ सातेआ: चि?''

''माण्डि दो जाओ गेबु जोमजादा। तिसिङ सोंजोकोम हिजु:आ कानाञ मेन जादा होनाङ। आमा: साए-साए तेरेओञ बोसाओ:आ जाआ:ञ मेन जादा।''

''नामिनाङ दो बोनाइ आलोम होसोड़ोञा। आञ का रेओ बेगार नू तेदो आमा: दिन का सेनो: ताना।''

''ओकोएआ: काजितेम पातिआ ताना हाले। कोरेञ बोसाताना रो'ज। मार आमा: दाइ कुलिमे रो'जोए: ओमाञ तानाचि।''

''आञा: दाइ चाना:ञ कुलिआ? आमगे काजि लेम।''

है न? कुछ ही देर में बुधन को लगा कि उसका नशा छूट रहा है। सुगि ने लोटे से पानी निकाला। बुधन ने आंख-कान धोए और मनए के पास बैठ गया।

"हां यही हो, इसका पता तो हमें था लेकिन कहां रहते हो इसका पता हमें नहीं था।"

"मैं भी इन्हीं कारणों से आप लोगों से अब तक नहीं मिल पाया था।"

"हाँ, राँची तो बहुत ही बड़ा शहर है। कहां क्या है इसका पता न होने पर तो आदमी खो जाता है।........ मेरे साले साहब को कुछ खिला रही हो या नहीं? उसे भूख लग रही होगी।" कहते हुए बुधन उठ गया।

"तुम दोनों बैठते रहो, मैं अभी वापस आ रहा हूँ।" बुधन चलने को तैयार है।

"बहनोईजी, यह आप क्या कर रहे हैं?" इस समय आप कहां जा रहे हैं?

"कहीं नहीं, यही नजदीक ही बहुत दिनों के बाद आए हो। कुछ नहीं तो एक पैंटी दारु ही हम एक साथ पी लेते हैं।"

"इस समय कहां का दारु। अब खाना तैयार होने ही वाला है। वैसे भी मुझे उन चीजों की अभी आदत नहीं हुई है और मुझे लगता है कि आपने मन भर चढ़ा लिया है।"

"अधिक नहीं, थोड़ा ही पियो। कहीं दूसरी जगह न भी पियो, लेकिन हमारे यहां साथ देने की तरह पीने से कोई शायद हर्ज नहीं है।"

"वह तो मैं थोड़ा भी नहीं पी सकता और मुझे लगता है कि यहां अब खाना भी तैयार होने जा रहा है। हम इसीसे सन्तोष करें।"

"खाना तो हम रोज ही खाते हैं। मैं सोच रहा था कि तुम आज संयोग से आए हुए हो सोच रहा था कि तुम्हारे साथ के बहाने मुझे भी पीने को मिलेगा।"

"इतना झूठ न कहिए, बहनोईजी! मेरे नहीं रहने पर भी आपके दिन बिना पिए नहीं जाते।"

"किसकी बात पर जा रहे हो भाई! मुझे रोज कहां मिलता है? अपनी बहन को पूछो, क्या वह मुझे रोज देती है?"

"अपनी बहन से क्या पूछुंगा। आप ही कहिए।"

''हे इमिनाङ दो ओकोए काए: नू ताना। गोटा सिंगि कामि को:आते मोद पाइटिञ नू ताना। एनाओ चिम मानाजा:ञा।''

''माना दो आम ओकोए माना दाड़िआ मेआ। आमेम आरजाओ जादा आमगेम खारचा जादा। एटा: नि:आम कुमबुडु तान जुमबुड़ि तान रेचा।''

''आछा मार हों इमिनाङ गे काजिआञ मे। नेआ बारे रेदो इमिनाङ गेलाङ जागारा। ना: दो एटागा: को लाङ जागार को:आ।''

''का, बेएसेआ: कोगे लाङ जागार तान लेकाञ आटाकारजादा। चि कोता: कोञ ओणा जाद रेदो मार.......।''

''का, काम ओणा कादा, माजा गेम जागाराञ ताना।''

''ने: नेआ गेदाङ बालाए दो बोनाइ। टोओर जाद रेओम काजि रिकान ताना आ'र एनकातेगे आबेना: ने हालात होबाकाना।''

''होका ताबेन, चिमिन एनकाना: कोबेन कापाजिआ। माण्डि इसिन जाना। ने आबङेन बेन।'' सुगि बुधन लोटा दा:ए ओमाइ ताना।

''आलिङ-आलिङ रे कालिङ कापाजि रे ओकोए लो: लिङ कापाजिआ काचि बोनाइ?'' मनए आबुङेन बिरिद तान लो:ते मेन जादा।

''मार जां लेकागे ताबु।'' सुगि बोकोते कोड़ा जापा: रे गिउ:गान गे: टोओर जादा।

''निमिनाङाते ओड़ो: पुरा: चिमिनाङेम नाम ताना। होस्टेल रे दो नाआ: नेआ तेओ एदकाले जोम ताना, एना दो मुण्डिगे बानो:।''

''कोता हाले, आले चि आपे दिकु कोलो: ले जुड़िओ:आ। आपे हाई-जिलु दो....। आले दो आड़ा: साकामो काले बोसा ताना।'' बुधन मेन जादा।

''कोता: रेआ: हाई आर जिलु? सोबेन रेंगे: ओड़ा: को रेन होन को गेआ। ओम पुराओ लेरे चि।''

मनए आ'र बुधन होस्टेल आ'र कॉलेज रेआ: किन जागार ताना, सुगि जिनगानि रेआ: बारे रे: उडु: ताना। उडु: तानाए: आए:ओ होनाङ बोकोञ कोड़ा लेकागे इसुकुल जान रेदो निमताङ होनाङ ने गोणाओड़ा: लेकानता: बादालारे ओको एटा: ता: रे दाङ मेना:इआ। सुगि आएआ: होन दिपिलिरा: कोए: उडु: ताना। टोला पाड़ा रेन होनकोलो: आए:ओ इसुकुल रेको भारति लि:आ। मोद सिरमा लेका जाआ: इसुकुल रे: ताइकेना। टीकि

हां, उतना कौन नहीं पीता है? दिन भर काम करने के बाद एक पैंटी पीता हूँ। क्या वह भी मुझे मना कर रहे हो?''

''मना? आपको कौन कर सकता है? आप कमा रहे हैं, आप खर्च कर रहे हैं। किसी दूसरे की चोरी चकारी करते होते तब न।''

''अच्छा, मैं मान गया, मुझे इतना नहीं सुनाओ। इस सम्बन्ध में हम इतनी ही बात करेंगे। अब हम दूसरी बातें करेंगे।''

''नहीं, मुझे तो लगता है कि हम अच्छी ही बातें कर रहे हैं। या कुछ बुरा कह रहा हूँ तो....।''

''नहीं बुरा नहीं कह रहे हो। मुझे ठीक ही कह रहे हो।''

''यही न परेशानी है, बहनोईजी! जानते हुए भी आप खुद को सुनवा रहे हैं और इसी से आपकी यह हालत हुई है।''

''अब बस करो, कब तक ऐसा विवाद करते रहोगे। खाना तैयार हो गया। लो हाथ धोओ।'' सुगि बुधन को लोटे में पानी दे रही है।

''हम आपस में विवाद नहीं करेंगे तो किसके साथ करेंगे, है न बहनोईजी?'' मनए हाथ धोने के लिए उठते हुए कहता है।

''हां, हम आपस ही में विवाद कर रहे हैं, पराये के साथ नहीं।'' बुधन ने हाँ मिला दी और दोनों खाने को बैठ गए।

''तो, रूखा-सूखा ही....।'' सुगि अपने भाई के सामने लज्जा का अनुभव कर रही है।

''इससे अच्छा और क्या चाहते हो। छात्रवास में, इससे भी खराब खाना मिलता है। तुम्हें इसका पता नहीं है।''

''कहां भाई, तुम दिकुओं के साथ हमारी क्या तुलना हो सकती है। तुम तो मांस-मछली...। हमें तो साग-पात तक नहीं मिलता।'' बुधन कहता है।

''कहां का मांस-मछली? सभी गरीब घरों से ही आते है। खर्च पूरा कर सकें तब तो।''

मनए और बुधन कालेज की बातें कर रहे हैं और सुगि अपनी जिन्दगी के बारे में सोच रही है। सोच रही है कि अगर वह भी अपने भाई की तरह पढ़ पाती तो इस समय इस गोहार घर के बदले कहीं दूसरी जगह होती। सुगि को अपने बचपन की बातें याद आ रही है। टोले-महल्ले की लड़कियों के साथ उसे भी स्कूल में दे दिया गया था। वह करीब एक साल तक स्कूल में रही।

किताब पेंसिल को साब हेओआ जाद लो: गे होन (मनए) हेबे आ'र मेरोम गुपि बाआनाते इसुकुल को होका रिका कि:आ आ'र एन होकागे: होका उतार जाना। तायोमतेदो बोकोते कोड़ा पाड़ाओ जाना। एना आए: पाड़ाओ जाना: गे: हिसाब केदा आ'र आए: सा:ते चिमिनाङ होबा जाना सुगि मनए: राबालो:आ: गे उडु: जाना। एन होन सोमाए रेआ: उडु: नापाणे: ताइगिड़ि जाना। ने सोमाए रेन हारा ताना मनएआएआ: सानामाङ रे ओड़ो:गे माराङा काने: लेल जा:इचि सुगि मोद खोन नांगेन आपान दुकुए: रिड़िङ गिड़ि केदा। नेआए: रिड़िङ केदा चि चिलका ते पुंजि पाटिते पेरे:आ कान ओड़ा: दुआर उतुणु चाबा जाना, चिलकाते बुधन लांडिआते ओड़ो: लांडिआए: बाइ इदि जाना आ'र आएआ: जुआ इनुङ आ'र आरकि रेआ: हेओआ का बादाला जान गेआ। चिलकाते आएआ: किसाना: लेसेड़ाइ ते आकिना: एनेटे: होन बांगाइ: जाना; चिलकाते आए: मिसा हाका गो:एन राटि: उडुङ लेना।

"नेता: दो बोनाइ बेन हिजु: उतारा काना चि हुड़िङ दिन नागेन कामि उदाम लेका बेन हिजु:आकाना।" मनए बुधने: कुलि जा:इआ।

"जेता लेकारेओ, आपाना: हातु दिसुम चि बागेओ:आ? नेता: दो जांलेकाते साब दाड़िन बाआरि। केटे: नो: को: कालिङ मेने लेका ते लिङ हिजु:आ काना। मिसा एन दुबबाड़ा काना: को राड़ा रुआड़ा जान रेगे लिङ बाइ रुआड़ा ओ:आ।" बुधन केटे:आन गे काजि रुआड़ा केदा।

रेकेसा राचा: केआते चि बोनाइ मोटोनेम मोने केदा? आञा: जी रेदो पातिआ का हिजु: ताना। गोटा सिंगि रे गेल टाका लेकाम कामीआ आ'र रेकेसा भाड़ा एमान ओम केआते तारा लेका सारेगो:आ। एनातेओ लाआ: उतार सा: दो ओड़ा: ते आउरि तेबा: एतेलो: गे बाटिओड़ा: रेम बागे तुका:। सारे: बाडुइ: कोरा: चाउलि, दालि, सुनुम बुलुङ। आयारते नागेन कोतागाते बामचाओ:आ? आञ दो जे रेकेसा चालाओ तानेञ लेलकोआ सोबेन उसु:तान गेञ लेल कोआ।"

"का, नेआ दो एटागा: को आउरि मुण्डिओ: सुमुङ लाङ कामि ताना। मापाराङा: दो आउरि नामो: बाआरि नेआ रेलाङ साब दाड़िआ काना। मिसा पोंका नाम जान लो: गे नेआ कामि लाङ होकाएआ आ'र नावा धान्दा लाङ साबेआ।" बुधन हिजु: तान सोमाए पारचिआन गे लेल जाद लेकाए: जागार केदा।

"नावा धानदा मेन लेरेगे चि बोनाइ होबाओ:आ। ने सोमाए जा'न कामि रे सिदाआते ती आउरि हिरिगो: सुमुङ जेताओ: का नामो:आ। चिमिनाङ-चिमिनाङ ट्रेनिंग नाम ताद को राटि कामि काको नाम जादा।"

"आह, एनाको सोबेन माणि-माणिते लाङ जुगुतुइआ। हाटिया रे कारखाना रे कामि तान होड़ो: को लो: आञा: लेपेल मेना:। मिसा काजिञ सोआब का।

ठीक किताब–पैन्सिल पकड़ने की आदत हो ही रही थी कि बच्चा (मनए को) खिलाने और बकरी चराने के बहाने उसे स्कूल से छुड़ा लिया गया और कब से उसने स्कूल छोड़ दिया सो सदा के लिए छोड़ दिया। बाद में उसका भाई पढ़ने लगा। भाई का पढ़ना उसने अपना ही पढ़ना समझ लिया और अपनी ओर से उसने मनए का रास्ता हल्का करने की यथाशक्ति कोशिश की। बचपन का उनका आपसी प्यार सदा के लिए रह गया। इस समय युवा प्राप्त मनए को अपने सामने एक पूर्ण वयस्क की तरह देखकर सुगि कुछ समय के लिए अपना सारा दुःख भूल गई। वह यह भूल गई कि किस तरह धन–दौलत से भरा घर बिलकुल उजड़ गया। किस तरह बुधन आलसी से महा आलसी बन गया और उसकी जुआ खेलने और अखीं पीने की आदत छूटी ही नहीं किस तरह उसके आदमी की ला परवाही से उनकी पहली सन्तान चल बसी। किस तरह वह एक बार फांसी लगाकर मरने कोभी निकल गई थी।

''बहनोईजी, यहां आप लोग सदा के लिए हैं या कुछ ही दिनों के लिए आए हुए हैं?'' मनए बुधन को पूछ रहा है।

''कुछ भी हो, अपना ग्राम–देश कभी छूटता है? यहां तो हम अपना पेट टिकाने के लिए आए हुए हैं। हमारी हालत जरा सुधर ले, इसी उद्देश्य से हम यहां आए हुए है। एक बार वह बन्धक जमीन छूट जाए तो हम फिर से बन जाएंगे।'' बुधन ने बड़े आत्म–विश्वास के साथ कहा।

''क्या आप रिक्शा चलाकर मोटे होने की बात सोच रहे हैं? मेरे मन में विश्वास नहीं होता। दिन भर में आप दस रुपये कमाइएगा और रिक्शा भाड़ा इत्यादि देने के बाद करीब आधा बचा रहेगा। उसमें भी अधिकांश तो आप घर वापस आने के पहले ही भट्टीघर में छोड़ आइएगा। बचे–खुके से चावल–दाल तेल–नमक। आगे के लिए कहां से बचेगा? मैं तो जितने रिक्शावालों को देखता हूँ दुबला–पतला ही देखता हूँ।''

''नहीं, यह काम हम कोई दूसरा काम नहीं मिलने तक ही कर रहे हैं। एक बार कोई रास्ता मिलते ही हम यह काम छोड़ देंगे और हम नया धन्धा पकड़ेंगे।'' बुधन ने ऐसे कहा मानों वह अपना भविष्य साफ देख रहा है।

''नया धन्धा कहने मात्र से तो होता नहीं। इस समय पहले से हाथ की सफाई न रहने से कोई काम नहीं मिलता। कितने ट्रेनिंग पाए लोगों तक को काम मिल नहीं रहा है।

''आह, वह सब हम धीरे–धीरे ठीक कर लेंगे। हटिया कारखाने में काम करने वाले लोगों के साथ हमारा परिचय है। एक बार अन्दर

एनाआते दो बार सिरमा रेगे नाआ: जाकेद बागाड़ाओआ काना: को सोबेन लाङ बाइरूआड़ाएआ।''

''आम लेकान को चि बोनाइ एनता:रे। एनता: रेदो आबुआ: होड़ो कोदो हासा उर बेड़ा तान कुलि काबाड़ि कोगे पुरा:ञ लेल कोआ। आम दो मोद बार सिरमा रे बाइ रुआड़ाओ:म काजि ताना। आञ दो कारखाना जापा:-जापा:ते बुसु:ते, ताड़ साकाम कोते दाबाकान जुरु-जुपु ओड़ा: कोरे इसु दिनाआते एनका गेञ लेल कोआ।''

''एना दो हे दो हे'गे। मेन्दो आको दो आको दाङ, आलाङ दो आलाङ। मिसा काजि एन रेलाङ बोलो को:का। एनाते दो तायोम सा: हेता रुआड़ा गे का।''

''आकिन जापा:रे दुबाकान सुगि आयुम ताना। आएआ: किसानते नेकागे जाओगे: मेनेआ– मिसा होनाङ........ मिसा होनाङ।'' मेनदो नाआ: जाकेद आकिन रेंगे: – हुआङ रेकिन जिलाद हाड़ागु तान गेआ।

आऊं तो सही। इसके बाद तो एक ही दो बर्षो में अब तक बिगड़ा सारा हम ठीक कर लेंगे।

''आपके जैसे लोगों को वहां कौन पूछेगा? वहां अपने लोगों को तो मैं सिर्फ मिट्टी कोड़ते और कुली का काम करते हुए ही देखता हूँ। आप एक दो वर्ष में हालत सुधारने की बात कर रहे हैं। मैं तो कारखाने के किनारे किनारे पुआल से, ताड़-पत्तियों से छाए-छपरियों से रहने वाले लोगों को बहुत दिनों से वैसा ही देख रहा हूँ।''

''सो तो बात सही है। लेकिन उन लोगों की बात छोड़िए हम अलग हैं। एक बार अन्दर आएं तो सही। इसके बाद तो पीछे देखने का नाम नहीं लेंगे।''

उनके पास बैठी हुई सुगि यह सब सुन रही है। उसका आदमी हमेशा यही कहता है— ''काश, एक बार.....काश, एक बार....।'' लेकिन अब तक वे भूख के गड्ढे में फिसलते ही जा रहे हैं।

एन दिलाङ होरा रे

बांदापिड़ि रेन बुरुहातु आएआ: बारिआ होन किन लो: एंगा आपु ओड़ा:ते: सेनो: ताना। बोओ: रे मोयोद हुड़िङ लेकान पोटोम, हेबेरे मोयोद होन, आ'र ओड़ो: मोयोद होने: सुतु: ता:इआ। जेटे सिंगि रेआ: सोमाए। होरा ओड़ो: बार गाउदि लेका सारे:आ कान गेआ। होन किन खाने 'दा:गा, माण्डिगा' किन मेन कातेएआ। हुड़िङ दूर सेन के चि ओकोरे गे उमबुल नो: दारु को नामेआ एन रेगे को रूडुना। एनका गे होरा जापा: रेआ: मिआद बाड़े दारु सुबारेको रुडुन ताना। हेबे रेन कुड़ि होन दोए: नुनु ताना आ'र कोड़ा होन दो एंगाते पोटोमाआते हुड़िङ लेका ताबेने: चु:आ का:इआ। इमताङ्गे मिआद होड़ो साइकाल ते: हिजु: लेना। बाड़े दारु तेबा: लेद चि साइकाल माणि नो: जाना। ने: गे: तिंगुइआ मेनेगे आटाकार लेना, मेनदो काए: तिंगुन जान गेआ। इमिन रेओ एन होड़ो खाने-खाने बुरुहातु मुलिगे: हेताकेन, हेताकेना। बुरुहातुओ ने होड़ो कोता:रे लेलाकाइ: लेकागेञ ठोरेआ मेनते जी रे: मेन जादा। एन जालो: गे एन होड़ो साइकाले: रुआड़ा केदा, आ'र बाड़े सुबाते: हिजु: लेना। चिना:जा:इलो:गे बुरुहातु होन नुनुइ होका कि:आ। एन होड़ो नाणेगाते: लेल कि:आ, इनि: दो मनु मासटार। बुरुहातु जोआर नांगेने: बिरिद जाना।

"चि ताबु आपे चि?" मनु मासटार साइकालते हाड़ागुन तानलो:ए कुलि ताना।

"हे आले गे।..... बेएस गेआपे चि तोबे।" बुरुहातुए: मेनकेदा।

"हे जां लेका, जां लेका दोले बेएस गेआ।..... आपे दो?" मनु मासटार कुलि रुआड़ा ताना।

"आलेओ बेएस गे।...... मार बाबु कुमाम जोआर नोगाइमे।" बुरु हातु सुतु: रेन होन पांडुइ: मेताइ ताना। पांडुओ मोद होनाआते जोआर जागार इतु ताद लेकाते: आचु ताआबेन जाना आ'र मनु मासटारे: जोआरा:इआ। मनु मासटारो 'आञ लेकागे हाड़ामाकान ताइनो:मे। मेन जालो: एन होने: हामबुद पानति कि:आ, आ'र बोओ:ए सिपि नो: कि:आ।

उस दिन रास्ते में

बन्दापिड़ि की नंदि (बुरुहतु) अपने दो बच्चों के साथ अपने नैहर जा रही है। सिर पर एक छोटीसी पोटली, एक बच्ची गोद में, और एक बच्चा उसके आगे-आगे चल रहा है। गर्मी का दिन। रास्ता अभी और करीब दो मील बाकी है। बच्चे बार-बार 'भूख लग रही है, प्यास लग रही है' यही रट लगाए हुए हैं। थोड़ी दूर जाने के बाद जहां थोड़ा छायादार पेड़ मिलता है वे वहीं रूकते हैं। इसी तरह वे रास्ते के किनारे के एक बड़ पेड़ के नीचे विश्राम कर रहे थे। गोद की बच्ची दूध पी रही है, और बच्चे को पोटली से थोड़ा चिउड़ा निकाल कर दी हुई है। उसी समय एक आदमी साईकल पर चढ़कर आया। पेड़ तक पहुँचने पर साइकिल कुछ धीमी हुई और लगा की वह आदमी साइकिल खड़ी करने वाला ही है, लेकिन वह रूका नहीं। तब भी वह आदमी बार-बार बुरुहतु की ओर ही पीछे उलट कर देख रहा था। बुरुहतु भी मन में सोच रही है कि 'इस आदमी को मैंने कही देखा है'। तभी उस आदमी ने साइकिल घुमाई और बड़ पेड़ के नीचे वापस आया। उस आदमी को पहचानते ही बुरुहतु ने बच्चे को दूध पिलाना बंद किया। उसने आदमी को नजदीक से देखा वह तो मनु मास्टर थे। बुरुहतु जोहार करने के लिये उठी।

''अरे आप लोग हैं? मनु मास्टर साइकिल से उतरते हुए पूछ रहे हैं।''

''हाँ हम ही हैं............ अच्छे तो हैं?'' बुरुहतु ने पूछा।

''हाँ किसी तरह, अच्छे ही हैं। ......और आप लोग?'' मनु मास्टर पूछ रहे हैं।

''हम भी अच्छे ही ने। .....मामा को प्रणाम करो, बेटे।'' बुरुहतु अपने बेटे, पाण्डु से कह रही है। पाण्डु भी, बचपन से लोगों के साथ मिलने जुलने की आदत होने के कारण, तुरन्त बात मान गया और उसने मनु मास्टर को प्रणाम किया। मनु मास्टर ने 'मेरी ही तरह दीर्घायु बनो।' कहते हुए उस बच्चे को प्यार से अपनी ओर खींचा और उसका सिर छुआ।

''एदका हाड़ामेम बाइन ताना।'' बुरुहातु नेसा: हेनसा:ए लेल बेड़ा केना, आरे: मेताइ ताना।

''काचिम लेल जा:ञा बोओ: कोञ पाण्डु चाबाओ: ताना।'' मनु मासटार बोओ: चापुन तान लो: बुरुहातु मुलि: मेद केदा।

''बोओ: पाण्डु: ताना: इमिनाङ गेम उडु: तान रेदो होनाङ निमिन लो: दो काचिम बोओरेन जाना होनाङ।''

''ओकोए लो:ञ आड़ांदिना। जेताए काको सुकुआञ ताना, गेल सिरमा सिदारे मिआद नि:लो: आड़ांदिनेञ जोका केना, मेनदो इनिओ:ए: बागेन जाना।''

''हे ना: दोड़ो: एनकागे काजिओ:आ।''

गेल सिरमा सिदा रेआ: काजि। ने सोमाए बाड़े सुबा रे मानु मासटार सानामाङ रे दुबाकान होनान एंगा बुरुहातु दो नांदि गे: ताइकेना। नांदि एने:गे हाइ इसुकुल चाबा केआते ओड़ा:ते हिजु: रुआड़ा कान ताइकेना। इमताङ मनु पाआड़ाओ रेआ: ट्रेनिङ नामकेआते नांदिताकोआ: हातु जापा: रेआ: मिडिल इसुकुल रे नावा-नावागे: बा'लिआकान ताइकेना। इसुकुल रेआ: मानजुरि का होबाकान ताइकेना; आ'र एना मानजुरि रिकाए नागेन नावा ओड़ा: बाइरेआ: दारकार ताइकेना। नंदिआ: आपुते एन आस-पास रेन नुतुमान होड़ो कोरे: ताइकेना आ'र एन लेकाते पाड़ाओ ओड़ा: चिलकाते बाइओगा, ओकोतागाते टाका पाएसा नामोगा, चिलकाते होनको सांगिओगा मेनते मनु मासटार आए:ता: सेनो:काते ताने: ताइकेना। नंदि लो: एटे: उतार लेपेल दो एनका तेगे होबा लेना। मुसिङ मनु मासाटार नंदिआ: आपुते लो: जापागार मेनते: हिजु:आकान ताइकेना। मेनदो एन हाड़ाम सिउ: कामि को लेललेका ओड़ागाते: उडुङाकान ताइकेना। ओड़ा:रे नंदि आ'र एंगाते बाआरि किङ ताइकेना। मनु मासटार बुड़िआ लो: दो सिदाआतेगे लेपेलाकाने: ताइकेना। जोआर जागार होबाजान चि बुड़िआ मनु मासटार मांचि: बिला:इआ आ'र ''मार माइ मासटार दा:को जाआ:ए तेताङ तान रेदो।'' मेन जालो: नंदि: रा: कि:आ।

''का गा काञ तेताङ ताना। एना को ताइनो:का।'' मनु मासटार काजि रुआड़ा केदा।

मेनदो एन जालो: नंदि मिआद गिलास ते दा:ए आउ उताराकाद ताइकेना आ'र मनु मासटार 'काञा:' मेनते काए: काजि दाड़ि जाना।

''आमदो नंदि चिमताङेम हिजु: रुआड़ा लेना।'' दा: तेला जालो: मनु मासटार कुलि कि:आ। ''होला-होला गे दादा।...... आमदो चिमताङाते कामिम साबा कादा।'' नंदि मनु मासटारे: कुलि कि:आ।

''बहुत बुढ़े बनते हो।'' बुरुहतु ने इधर उधर देखकर कहा।

''नहीं देख रही हो? सिर के बाल सफेद हो चले।'' ''मनु मास्टर ने अपना सिर छूते हुए बुरुहतु की ओर देखा।''

''सिर के बाल सफेद होने की उतनी ही चिन्ता थी तो तुम ने अब तक शादी कर ली होती।''

''किसके साथ सादी करूंगा? कोई मुझे पसन्द नहीं करता दस साल पहले मैंने एक के साथ शादी करने की सोची थी लेकिन उसने भी मेरा साथ छोड़ दिया।''

''हाँ, अब तो वैसा ही का जायेगा।''

दस साल पहले की बात इस समय पेड़ के नीचे मनु मास्टर के सामने बैठी हुई बच्चों की मां बुरुहतु उस समय नंदि थी। नन्दि हाईस्कूल समाप्त करके घर आई हुई थी। उस समय मनु पढ़ाने की ट्रेनिंग पास कर नन्दि के गांव के पास के मिडिल स्कूल में नया–नया बहाल हुआ था। स्कुल की मन्जूरी नहीं हुई थी, और उसे मन्जूर कराने के लिये एक नया मकान बनाने की जरूरत थी। नन्दि के पिताजी उस आस–पास के नामी लोगों में थे। और इसलिए, स्कूलघर कैसे बनेगा, रूपया पैसा कहां से मिलेगा, कैसे बच्चों की संख्या बढ़ेगी इन बातों को लेकर मनु मास्टर बार–बार उनके पास जाते थे। नन्दि के साथ उनकी, भेंट इसी तरह हुई थी। एक दिन मनु मास्टर नन्दि के पिताजी के साथ बात करने के लिये आये हुए थे। लेकिन बूढ़ा खेत का काम देखने के लिये घर से बाहर निकला हुआ था। घर में सिर्फ नन्दि और उसकी मां थी। मनु मास्टर का बुढ़िया से पहले से ही परिचय था। प्रारंभिक औपचारिकता के बाद बुढ़िया ने मनु मास्टर को बैठने के लिये एक मचिया दी और 'बेटी देखो मास्टरजी को अगर प्यास लग रही हो तो......' कहते हुए उसने नन्दि को बुलाया।

''नहीं, मुझे प्यास नहीं लगी है। वह सब रहने दीजिये।'' मनु मास्टर ने जवाब दिया।

लेकिन तब तक नन्दि एक गिलास में पानी ला चुकी थी और मनु मास्टर 'नहीं' न कर सके।

''नन्दि, तुम कब वापस आई। ग्लास का पानी लेते हुए मनु मास्टर ने नन्दि से पूछा। हाल ही में दादा।..... आपने कब से काम पकड़ा है?'' नन्दि ने मनुमास्टर से पूछा।

"आञो होला–होला गे। नेआ नावा इसुकुल ताना: आ'र नेआ मांजुरि रिका नांगेन इसुगे कामिआ: को मेना:। ने काजि कामि कोरे आपे ओड़ा:रेन हाड़ाम पुरा:गे: देंगा जादा। एन लेका कोतेगे आए: लो: जापागार लेका गेञ हिजु:लेना। कामि दो होनाङ इसुगे मेना: आ'र आमोम देंगा दाड़िआ लेआ। फुरसाइतिओ: रेदोम आयारते पाड़ाओ आउरि साब रुआड़ाए जाकेद आलेलो: कामि नो: को:मे।"

"आञ चाना:ञ देंगा दाड़िआ पेआ, दादा। पाड़ाओ दो काञ इतुआना, पाआड़ाओ दो ओड़ो: चिमिन हामबाला।"

"चाना: हामबाला? लातार कोरेन कोदोम दाड़िआ कोगेआ।" बुड़िआ पाटि गालाङ तान लो: आकिना: जागारे: आयुम ताना।

"…. सेएरेओ दाङ नेता: इपाए: रेम गेआ।" पाड़ाओ को सोबेनेम रिड़िङ उतार जादा मनु मासटार आ'र नंदि ताकिन जापा: रे दुबाकान बुड़िआए: मेनकेदा।

"आमदोगा राबाल गेम काजि जादा। होनको पाआड़ाओ इसु हामबाल कामि।" नंदि मेन केदा।

"हे कामि दो हामबाल कामि गे, मेनदो आमदोम दाड़िआ: मेने गेञ ठोओरेआ।" मनु मासटार नंदि: उसुकुर नो: जा:इआ।

"एला दादा आञ दो ट्रेनिङो काञ नामाकादा।"

"एह, ट्रेनिङ बानो: चाना:, होनको पाआड़ाओ रे जी मेना: रे कामि तान कामि तान गे ट्रेनिङेम नामेआ।" मनु मासटार आएआ: काजि काए: बागे जाद गेआ।

"हे होनकोलो: ताइन दो एदका सुकुञा। पाआड़ाओ दो टोगो: चा का टोगो:। आम नामिनाङेम जो'र जाद लेकाते नाआ: बाआरि दो जांलेका–जांलेकाञ हेआम ताना। टुण्डु जागार दो हाड़ाम जागार लिआते एनाङेञ ओम रुआड़ा मेआ।" नंदि काजि: टुण्डु केदा। मनु मासटार रासिका जीआनगे: बिरिद जाना आ'र तोबे दोगाञ सेन रुआड़ा जादा, हाड़ाम दो कोता: रे टेकाद जान गेआ। हिजु: लेनाए: मेनेआ: उदुबाइपे हेइ; मेन जाद लो: मनु मासटार साइकाले: साब केदा आ'रे: सेनो: जाना।

होरा जापा:रे मिआद गुरि: दुबि रे मिआद सांडि सिम कोकोड़ोचो: ताने: ताइकेना आ'र एन जापा: रेगे एंगा सिम आएआ: होनको चाराए: पासका को तान ताइकेना।

एन तायोम ते, चिलका चि मनु मासटारे: आसराए: तान ताइकेना नंदि पाआड़ाओ देंगाए: मोने केदा। मोदरे कामितान लेपेलतान लो: आकिना: सोंगोति हारा इदि जान गेआ। नेका तेओ नंदिआ: आपुते लो: लेपेल चिपिना ताइकेन लेकाते मनु मासटार नंदि

''हाल ही में। यह नया स्कूल हैं, और इसे मन्जूरी कराने के लिये बहुत सा काम बाकी है। इन बातों में तुम्हारे पिताजी हमारी बहुत मदद कर रहे हैं। इन्हीं बातों को लेकर मैं उनसे मिलने के लिये आया था। काम तो बहुत ही है और तुम भी हमें मदद कर सकती हो। अगर तुम्हें फुर्सत हो तो, आगे की पढ़ाई शुरु करने के पहले तुम हमारे साथ काम करो।''

''मैं क्या मदद कर सकती हूँ, दादा! मुझे पढ़ना तो नहीं आता है, पढ़ाना तो और ही कितना भारी काम होगा।''

''कठिन क्या होगा? निचले दर्जे के बच्चों को तो पढ़ा हो सकोगी।'' बुढ़िया चटाई बनाते हुए उनकी बातें सुन रही थी।

''वैसे भी तो यहां तुम बेकार पड़ी हो। पढ़ना लिखना भी तुम भूल रही हो।'' मनु मास्टर और नन्दि के पास बैठी हुई बुढ़िया ने कहा।

''तुम तो, मां, आसानी से कह देती हो। बच्चों को पढ़ाना बहुत भारी काम है।'' नन्दि ने कहा।

''हां काम तो भारी काम ही है लेकिन तुम कर सकोगी, ऐसा मुझे लगता है।'' मनु मास्टर नन्दि को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

''दादा, मैंने तो ट्रेनिंग भी नहीं ली है।''

''ट्रेनिंग की क्या बात कर रही हो, बच्चों को पढ़ाने में मन होने पर तुम काम करते करते ही ट्रेनिंग पा जाओगी।'' मनु मास्टर अपना आग्रह नहीं छोड़ रहे हैं।

''हां, बच्चों के साथ रहना मुझे बहुत पसन्द है पढ़ाई हो या न हो, बहुत जोर लगा रहे हैं इसलिये मैं अभी आधे मन से हां कर रही हूँ अन्तिम निर्णय तो बूढ़े के साथ बात करने के बाद ही मैं आपको दूंगी।'' कहकर नन्दि ने बात खत्म की। मनु मास्टर प्रसन्न मन से उठे और 'तब तो चल रहा हूँ बूढ़ा तो कहीं अटक गया लगता है। उनको बता दीजियेगा कि मैं आया था।' कहते हुए मनु मास्टर ने साइकिल पकड़ी और निकल गये।

